दिन– बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 30 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नई दिल्ली में बैठक हुई। पहलगाम आतंकी हमले के बाद मंत्रिमंडल की यह पहली बैठक है। मंत्रिमंडल के निर्णयों के बारे में दोपहर बाद एक प्रेस वार्ता में जानकारी दी जायेगी। मंत्रिमंडल की सुरक्षा कार्य समिति की बैठक की भी आज सम्भावना है।

————————————————————

बिहार समेत चार राज्यों के निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों और बीएलओ का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आज से नई दिल्ली में शुरू हो गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने इस क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्वाचन आयोग की आगामी विधान सभा चुनावों की तैयारियों का हिस्सा है। यह प्रशिक्षण बीएलओ को मतदाता पंजीकरण, फॉर्म हैंडलिंग, और अन्य चुनावी प्रक्रियाओं के कार्यान्वयन में दक्षता हासिल करने में मदद करेगा। अधिकारियों को ईवीएम और वीवीपीएटी के तकनीकी प्रदर्शन का भी प्रशिक्षण दिया जायेगा।

————————————————————

अक्षय तृतीया का पर्व आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस तिथि को काफी शुभ माना जाता है। इस अवसर पर लोग पवित्र नदियों और जलाशयों में पवित्र स्नान कर दान–पुण्य करते है। प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर लोग गंगा समेत अन्य पवित्र नदियों में स्नान कर रहे हैं। हमारे मुंगेर संवाददाता ने बताया कि जिले में गंगा नदी के कष्टहरनी घाट, बबुआ घाट और सोझी घाट पर सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ी लगी हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को अक्षय तृतीया की शुभकमनाएं दी है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मानवता को समर्पित यह त्योहार सभी के लिए सफलता, समृद्धि और खुशी लेकर आएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह अवसर विकसित भारत के निर्माण की सामूहिक प्रतिबद्धता में पुनः शक्ति प्रदान करेगा।

————————————————————

अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर आज उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा शुरू हो गई है। वैदिक मंत्रोच्चार और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के बीच कपाट खोले गए। देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु चारधाम यात्रा में शामिल होने के लिए पहुंच रहे हैं। इधर, केदारनाथ

धाम के कपाट शुक्रवार को खोले जाएंगे, जबकि बद्रीनाथ धाम के कपाट रविवार को खुलेंगे।

———————————————————————

आज बाल श्रम उन्मूलन दिवस है। बाल श्रम के खिलाफ लोगों को जागरूक करने और चौदह वर्ष से कम उम्र के बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने अपने संदेश में कहा है कि बाल श्रम को रोकने में सरकार के साथ–साथ राज्य के नागरिकों और अन्य हितधारकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में राज्य के नागरिकों से बाल मजदूरी जड़ से समाप्त करने और बच्चों को स्कूल भेजने और उनके पढ़ने–लिखने में अपना योगदान देने की अपील की है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज गया में खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तैयारियों का जायजा लिया। श्री कुमार ने इन खेलों के तहत गया में होने वाली स्पर्धाओं के लिए बिपार्ड में मेजर ध्यानचंद खेल परिसर, स्वीमिंगपूल और ओपन एयर थियेटर का उद्घाटन किया। गया में खो खो, तैराकी और योगासन की प्रतियोगिताएं चार मई से पन्द्रह मई तक आयोजित की जायेगी।

———————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के अधिकतर भागों में आज भी आंधी, बारिश और वज्रपात की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम भागों में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश और कुछ स्थानों पर वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।